# CBSE Class 12 Hindi Core 2014 - Set 2/2/1

## Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximum Marks: 100**

### General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।
(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।
(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

## Section क

**1.** विषमता शोषण की जननी है । समाज में जितनी विषमता होगी, सामान्यतया शोषण उतना ही अधिक होगा । चूँकि हमारे देश में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक असमानताएँ अधिक हैं जिसकी वज़ह से एक व्यक्ति एक स्थान पर शोषक तथा वही दूसरे स्थान पर शोषित होता है । चूँकि जब बात उपभोक्ता संरक्षण की हो तब पहला प्रश्न यह उठता है कि उपभोक्ता किसे कहते हैं ? या उपभोक्ता की परिभाषा क्या है ? सामान्यतः उस व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उपभोक्ता कहा जाता है जो सीधे तौर पर किन्हीं भी वस्तुओं अथवा सेवाओं का उपयोग करते हैं । इस प्रकार सभी व्यक्ति किसी-न-किसी रूप में शोषण का शिकार अवश्य होते हैं ।

हमारे देश में ऐसे अशिक्षित, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल अशक्त लोगों की भीड़ है जो शहर की मलिन बस्तियों में, फुटपाथ पर, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे, गंदे नालों के किनारे झोपड़ी डालकर अथवा किसी भी अन्य तरह से अपना जीवन-यापन कर रहे हैं । वे दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश की समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित हैं, जिन्हें आधुनिक सफ़ेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग ने मिलकर बाँट लिया है । सही मायने में शोषण इन्हीं की देन है ।

उपभोक्ता शोषण का तात्पर्य केवल उत्पादकता व व्यापारियों द्वारा किए गए शोषण से ही लिया जाता है जबकि इसके क्षेत्र में वस्तुएँ एवं सेवाएँ दोनों ही सम्मिलित हैं, जिनके अन्तर्गत डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, वकील सभी आते हैं । इन सबने शोषण के क्षेत्र में जो कीर्तिमान बनाए हैं वे वास्तव में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज़ कराने लायक हैं ।

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**1(क).** गद्यांश का समुचित शीर्षक लिखिए ।

**1(ख).** 'विषमता' शब्द से मूल शब्द तथा प्रत्यय छाँटकर लिखिए ।

**1(ग).** 'ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित है' – वाक्य का आशय समझाइए ।

**1(घ).** 'विषमता शोषण की जननी है' – कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**1(ङ).** समाज में जितनी विषमता होगी, सामान्यतः शोषण उतना ही अधिक होगा । वाक्य-भेद लिखिए ।

**1(च).** उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है ? इसकी सीमाएँ कहाँ तक हैं ?

**1(छ).** देश की समाजोपयोगी योजनाओं से कौन-सा वर्ग वंचित रह जाता है और क्यों ?

**1(ज).** उपभोक्ता किसे कहते हैं ? उपभोक्ता शोषण का मुख्य कारण क्या है ?

**1(झ).** सामान्यतः शोषण का दोषी किसे कहा जाता है और क्यों ?

**2.** आँसू से भाग्य पसीजा है, हे मित्र, कहाँ इस जग में ?
नित यहाँ शक्ति के आगे, दीपक जलते मग-मग में ।
कुछ तनिक ध्यान से सोचो, धरती किसकी हो पाई ?
बोलो युग-युग तक किसने, किसकी विरुदावलि गाई ?
मधुमास मधुर रुचिकर है, पर पतझर भी आता है ।
जग रंगमंच का अभिनय, जो आता सो जाता है ।
सचमुच वह ही जीवित है, जिसमें कुछ बल-विक्रम है ।
पल-पल घुड़दौड़ यहाँ है, बल-पौरुष का संगम है
दुर्बल को सहज मिटाकर, चुपचाप समय खा जाता,
वीरों के ही गीतों को, इतिहास सदा दोहराता ।
फिर क्या विषाद, भय चिंता जो होगा सब सह लेंगे,
परिवर्तन की लहरों में जैसे होगा बह लेंगे ।

नीचे लिखे अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**2(क).** कविता का मूल सन्देश क्या है ?

**2(ख).** 'रोने से दुर्भाग्य सौभाग्य में नहीं बदल जाता' के भाव की पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए ।

**2(ग).** समय किसे नष्ट कर देता है और कैसे ?

**2(घ).** इतिहास किसे याद रखता है और क्यों ?

**2(ङ).** 'मधुमास मधुर रुचिकर है, पर पतझर भी आता है' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

## Section ख

**3(क).** नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

विद्या धन सब धनन में सदा रह्यो सिरमौर

**3(ख).** नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

नारी की बदलती भूमिकाएँ

**3(ग).** नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

मंगल पर बसेरे के सपने देखते हमारे वैज्ञानिक

**3(घ).** नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

साहित्य समाज का दर्पण

**4.** देश में क्षेत्रीयतावाद के कारण उत्पन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए ।

OR

**4.** अस्पताल में किसी रोगी के इलाज में बरती गई लापरवाही का विवरण देते हुए वरिष्ठ चिकित्साधिकारी को पत्र लिखिए ।

**5(क)(i).** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'फोन इन' क्या है ?

**5(क)(ii).** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

पत्रकारिता में 'बीट' शब्द का क्या अर्थ है ?

**5(क)(iii).** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

सम्पादकीय में लेखक का नाम क्यों नहीं होता ?

**5(क)(iv).** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

स्वतन्त्र पत्रकार किसे कहा जाता है ?

**5(क)(v).** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

स्तम्भ लेखन से आप क्या समझते हैं ?

**5(ख).** 'केदारनाथ आपदा : प्रकृति का कोप' विषय पर आलेख लिखिए ।

OR

**5(ख).** 'बढ़ती हुई सुविधाएँ और घटता हुआ स्वास्थ्य' विषय पर आलेख लिखिए ।

**6.** 'बच्चों का छिनता बचपन' विषय पर फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

OR

**6.** 'शिक्षा का बाज़ारीकरण' विषय पर फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

## Section ग

**7.** जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बैचेन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए
जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं
डाल की तरह लचीले वेग से अकसर
छतों के खतरनाक किनारों तक –
उस समय गिरने से बचाता है उन्हें
सिर्फ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज एक धागे के सहारे ।

प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**7(क).** 'वे अपने साथ लाते हैं कपास' – 'वे' कौन हैं ? साथ में कपास लाने से क्या तात्पर्य है ?

**7(ख).** पतंग लूटते बच्चों की तुलना डाल से क्यों की गई है ?

**7(ग).** दिशाओं को मृदंगों की तरह बजाने से कवि का क्या आशय है ?

**7(घ).** छतों के किनारों से गिरने से उन्हें कौन बचाता है और कैसे ?

OR

**7.** आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है
गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी ।

प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

OR

**7(क).** कवि ने चाँद का टुकड़ा किसे कहा है और क्यों ?

OR

**7(ख).** माँ के लिए कविता में किस शब्द का प्रयोग हुआ है और क्यों ?

OR

**7(ग).** बच्चे की हँसी का कारण क्या है ? उसके गूँजने से क्या तात्पर्य है ?

OR

**7(घ).** काव्यांश के भाव को अपने शब्दों में चित्रित कीजिए ।

**8.** तिरती है समीर-सागर पर
अस्थिर सुख पर दुख की छाया –
जग के दग्ध हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया –
यह तेरी रण-तरी
भरी आकांक्षाओं से,
घन, भेरी-गर्जन से सजग सुप्त अंकुर ।

नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**8(क).** काव्यांश का भाव-सौन्दर्य लिखिए ।

**8(ख).** प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए और उसका सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

**8(ग).** काव्यांश की भाषा पर टिप्पणी कीजिए ।

OR

**8.** सचमुच मुझे दंड दो कि हो जाऊँ
पाताली अँधेरे की गुहाओं में विवरों में
धुएँ के बादलों में
बिलकुल मैं लापता
लापता कि वहाँ भी तो तुम्हारा ही सहारा है ।

नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

OR

**8(क).** काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

OR

**8(ख).** काव्यांश में प्रयुक्त किन्हीं दो प्रतीकों का प्रयोग सौंदर्य समझाइए ।

OR

**8(ग).** काव्यांश के भाषा-वैशिष्ट्य पर टिप्पणी कीजिए ।

**9(क).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ' इस कथन से कवि का क्या आशय है ?

**9(ख).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

किसी रचना में भाव की प्रधानता महत्त्वपूर्ण है या भाषा की ? 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**9(ग).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द-चित्र है – सोदाहरण प्रतिपादित कीजिए ।

**10.** कभी-कभी कैसे-कैसे सन्दर्भों में ये बातें मन को कचोट जाती हैं, हम आज देश के लिए करते क्या हैं ? माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम-निशान नहीं है । अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है । हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**10(क).** लेखक के मन को क्या बातें कचोटती हैं और क्यों ?

**10(ख).** गगरी तथा बैल के उल्लेख से लेखक क्या कहना चाहता है ?

**10(ग).** भ्रष्टाचार की चर्चा करते समय क्या आवश्यक है और क्यों ?

**10(घ).** 'आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?' – आपके विचार से यह स्थिति कब और कैसे बदल सकती है ?

OR

**10.** एक बार झाँक कर उसने पुड़िया को देखा और उसे ऐसा महसूस हुआ मानो उसने अपने किसी प्यारे को कब्र की गहराई में उतार दिया हो । कुछ देर उकड़ूँ बैठी वह पुड़िया को तकती रही और उन कहानियों को याद करती रही जिन्हें वह अपने बचपन में अम्मा से सुना करती थी, जिनमें शहज़ादा अपनी रान चीरकर हीरा छिपा लेता था और देवों, खौफ़नाक भूतों तथा राक्षसों के सामने से होता हुआ सरहदों से गुज़र जाता था । इस जमाने में ऐसी कोई तरकीब नहीं हो सकती थी वरना वह अपना दिल चीरकर उसमें यह नमक छिपा लेती । उसने एक आह भरी ।

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

OR

**10(क).** लेखिका बार-बार पुड़िया को झाँक कर क्यों देखती है ?

OR

**10(ख).** अपने किसी प्यारे को कब्र की गहराइयों में उतार देने से लेखिका का क्या आशय है ?

OR

**10(ग).** नमक लेखिका की परेशानी का कारण कैसे बन गया ?

OR

**10(घ).** 'उसने एक आह भरी' – कथन के आधार पर लेखिका की मानसिक दशा पर टिप्पणी कीजिए ।

**11(क).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शिरीष की तुलना किससे और क्यों की गई है ?

**11(ख).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खाली मन तथा भरी जेब से लेखक का क्या आशय है ? ये बातें बाज़ार को कैसे प्रभावित करती हैं ?

**11(ग).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भक्तिन के स्वभाव की ऐसी दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनके कारण उसने लेखिका को अपने अनुसार ढाल लिया ।

**11(घ).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

चार्ली चैप्लिन का भारतीयकरण किन-किन रूपों में पाया जाता है ? पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**11(ङ).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जाति प्रथा को श्रम विभाजन का आधार क्यों नहीं माना जा सकता ? पाठ से उदाहरण देकर समझाइए ।

**12(क).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :

'जूझ' के लेखक में स्वयं कविता रच सकने का आत्मविश्वास कैसे पैदा हुआ ?

**12(ख).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :

महाकुण्ड में अशुद्ध जल को रोकने की क्या व्यवस्था थी ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**12(ग).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :

कार्यालय में अपने सहकर्मियों के साथ सेक्शन ऑफ़ीसर वाई.डी. पंत के व्यवहार पर टिप्पणी कीजिए ।

**13(क).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

वाई.डी. पन्त की पत्नी पति की अपेक्षा सन्तान की ओर क्यों पक्षपाती दिखलाई पड़ती है ?

**13(ख).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

दत्ताराव ने लेखक की पढ़ाई की समस्या का समाधान किस प्रकार किया ?

**13(ग).** नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

ऐन फ्रेंक की डायरी के आधार पर नाज़ियों के अत्याचारों पर टिप्पणी कीजिए ।

**14.** सौंदलगेकर के व्यक्तित्व के आधार पर किसी अध्यापक के लिए आवश्यक जीवन-मूल्यों पर प्रकाश डालिए ।

OR

**14.** 'सिलवर वेडिंग' कहानी के पात्र किशन दा के उन जीवन-मूल्यों की चर्चा कीजिए जो यशोधर बाबू की सोच में आजीवन बने रहे ।

**- End of Question Paper -**